राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# उपराष्ट्रपति श्री वैंकेया नायडू करेंगे राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की पुस्तक 'संविधान, संस्कृति और राष्ट्र' का लोकार्पण

जयपुर, 27 सितम्बर। उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू मंगलवार को प्रातः 11.30 बजे जोधपुर में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की लिखी पुस्तक 'संविधान, संस्कृति और राष्ट्र' का लोकार्पण करेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र द्वारा लिखी इस पुस्तक में संविधान, संस्कृति और राष्ट्र से जुड़े मुद्दों पर समय समय पर लिखे उनके लेख संग्रहित हैं। इस पुस्तक में उनकी संवैधानिक संस्कृति की मौलिक दृष्टि है। इसमें भारतीय संविधान, उससे जुड़े वृहत्तर विषयों और वेद संस्कृति पर भी श्री मिश्र का महत्वपूर्ण लेखन है।

———